सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक - ६ २   सोमवार – १ ३ / १ ० / २ ० २ ५   पृष्ठ – ३   प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का न्योता देकर सरकार ने संकेत दिया है कि शांति समझौता कराने में नई दिल्ली सक्रिय भूमिका निभा सकती है। इस कदम का स्वागत होना चाहिए। रूस और यूक्रेन को अगर भारत बातचीत की मेज पर ले आता है, तो यह पूरी दुनिया के हित में होगा।

बातचीत ही रास्तारू पिछले साल अगस्त में नरेंद्र मोदी यूक्रेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। इससे पहले उन्होंने रूस की यात्रा की थी। दोनों जगह उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट किया कि शांति बहाल होनी चाहिए, यह युद्ध का दौर नहीं है। हाल में अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई शिखर वार्ता का भी भारत ने स्वागत करते हुए कहा था कि बातचीत व कूटनीति ही आगे बढ़ने का रास्ता है।

ट्रंप के दोबारा सत्ता संभालने से लेकर अभी तक, यूक्रेन युद्ध का समीकरण काफी कुछ बदल चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति चाहते हैं कि यह लड़ाई जल्द से जल्द खत्म हो। लेकिन, उनकी यह जल्दबाजी नीतियों में अस्थिरता के रूप में सामने आ रही है। कभी वह जेलेंस्की पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं, कभी पुतिन पर। हालांकि जब तक सहमति न बने, शांति थोपी नहीं जा सकती। इस मामले में भारत का नजरिया शुरू से संतुलित रहा है कि रूस और यूक्रेन, दोनों को शामिल किए बिना समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता। यूक्रेन को लेकर ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन की पॉलिसी ने अमेरिका की साख को चोट पहुंचाई है, जबकि भारत ने शुरुआत से स्टैंड क्लियर रखा कि वह किसी के साथ नहीं, युद्ध के खिलाफ है। यूरोप और अमेरिका के दबाव डालने के बावजूद उसने किसी एक के पक्ष में खड़े होना नहीं चुना। यूक्रेन भी अब इस बात को मान रहा है कि भारत का रुख श्न्यूट्रलश् नहीं, बल्कि वह शाति, कूटनीति और राजनीतिक संवाद का समर्थन कर रहा है।

## कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मा बंद ,लाइसेंस रद्द- चेन्नई मे कंपनी पर ईडी की रेड,इसीके सिरप से मध्यप्रदेश मे 25 बच्चो की मौत हुई

**एमपी पुलिस ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मा के मालिक रंगनाथन को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया ।**



तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया। साथ ही कंपनी को हमेशा के लिए बंद करने की घोषणा की। सरकार को श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गंभीर श्रेणी की गड़बड़ियां मिली थीं। कोल्ड्रिफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। चेन्नई में प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को श्रीसन फार्मा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी भी की है। श्रीसन फार्मा के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के गिरफ्तार डायरेक्टर इन–चार्ज पी यू कार्तिकेयन के ठिकानों पर भी रेड की गई।

कार्तिकेयन को जुलाई, 2025 में रिश्वतखोरी के एक मामले में तमिलनाडु विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ( ने गिरफ्तार किया था। ईडी की ताजा कार्रवाई मिलावटी कोल्ड्रिफ सिरप बनाने और बिक्री से जुड़े वित्तीय लेन–देन मामले में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की जा रही है। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश पुलिस रविवार शाम मामले के मुख्य आरोपी और श्रीसन फार्मा के मालिक रंगनाथन गोविंदन (75 साल) को लेकर तमिलनाडु रवाना हो गई। उसे 9 अक्टूबर को चेन्नई के कोडम्बक्कम स्थित उसके अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था।

## सूरत में स्कुल मे माँसाहार पार्टी पर स्कुल प्रिंसिपल को नोटिस ।

**सरस्वति की मुर्ति ढककर चिकन मीट परोसा।**



गुजरात के सूरत में गोडादरा स्थित शिक्षण समिति के स्कूल में नॉनवेज परोसने पर विवाद हो गया है। यह कार्यक्रम 1987 से 1991 के बीच स्कूल में पढ़े तेलुगु समाज के छात्रों ने रखा था। इस दौरान पूर्व छात्रों (एल्युमिनाई) ने स्कूल कैंपस में लगी मां सरस्वती की मूर्ति को चुनरी से ढंक दिया। इसके कार्यक्रम शुरू किया गया और चिकन और मटन परोसा गया। यह कार्यक्रम 12 सितंबर को हुआ। इसमें स्कूल के प्रिंसिपल भी मौजूद थे। जब मीडिया स्कूल पहुंचा तो शिक्षक और स्टाफ फरार हो गए। स्कूल चौकीदार ने कहा कि सभी लोग सुबह आए थे, कार्यक्रम दोपहर में हुआ।

## दिलीप बिल्डकॉन पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की रेड।

**कम्पनी के पास मेट्रो समेत कई बडे प्रोजेक्ट।**

आयकर विभाग ने सोमवार सुबह दिलीप बिल्डकॉन (क्थ्ट) और उससे जुड़े सहयोगियों के ठिकानों पर रेड मारी है। अमृतसर से आई इनकम टैक्स टीम भोपाल में दो जगहों पर दस्तावेज खंगाल रही है।

दिलीप बिल्डकॉन ग्रुप के मालिक दिलीप सूर्यवंशी के चूनाभट्टी स्थित दफ्तर पर भी सर्चिंग की जा रही है।

अमृतसर की आईटी टीम ने एमपी एसएएफ की मदद ली है। लोकल पुलिस या केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बुलाया है। अमृतसर से आई टीम ने इस छापेमारी में भोपाल के विभागीय अफसरों को साथ नहीं लिया है। सोमवार सुबह से चल रही इस कार्रवाई की जानकारी मीडिया में आने के बाद स्थानीय अफसरों के संज्ञान में आई है।

कंपनी के पास भोपाल मेट्रो समेत कई बड़े प्रोजेक्ट – भोपाल मेट्रो रेल का ठेका दिलीप बिल्डकॉन के पास है। कंपनी को हाल ही में केरल में बड़ा प्रोजेक्ट मिला है। इसके अलावा गुरुग्राम मेट्रो का काम दिलीप बिल्डकॉन और रंजीत बिल्डकॉन को 1,503.63 करोड़ में मिला है, जिसमें मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 26.65 किमी के कॉरिडोर में वायडक्ट और 14 एलिवेटेड स्टेशन का निर्माण शामिल है।

100 मेगावॉट का सोलर पावर का ठेका मिला

डीबीएल को मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित (एमपीजेएनएम) से स्वीकृति पत्र (एलओए) मिला है। यह कैप्टिव मोड के तहत 100 मेगावाट की ग्रिड–कनेक्टेड ग्राउंड–माउंटेड सौर फोटोवोल्टिक परियोजना के विकास के लिए है।दिलीप बिल्डकॉन के कार्यक्षेत्र में सौर परियोजना की डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, निर्माण, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। इसमें 25 वर्षों तक संचालन और रखरखाव सेवाएं प्रदान करना भी शामिल है। चालू होने के बाद, यह परियोजना 25 वर्षों तक एमपीजेएनएम को 2.09 रुपए प्रति किलोवाट घंटे की दर से बिजली की आपूर्ति करेगी। प्रोजेक्ट का काम मंदसौर जिले के रामनगर और धनवाडा गांवों में होगा।

## सिंगर जुबीन की मौत -सिंगापुर से एनआईआर असम पहुचे , पुलिस ने पुछताछ शुरू की ,जुबीन की पीएम रिपोर्ट सर्वजजिक नही होगी

**जुबीन की १९ सितंबर को समुद्र में डुबने से मौत हुई थी।**



असम के सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के समय मौके पर मौजूद रहे तीन और छत्- (असम के रहने वाले) सोमवार को असम पहुंचे। पुलिस ने इन्हें दूसरा नोटिस भेजा था। पुलिस की ब्क् ब्रांच ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

सीआईडी स्पेशल डीजी मुन्ना प्रसाद गुप्ता कहा– जिओलंगसत नारजारी, परीक्षित शर्मा और सिद्धार्थ बोरा सुबह सीआईडी मुख्यालय पहुंचे, जबकि एक अन्य प्रवासी भास्कर ज्योति दत्ता भी शाम तक पहुंच सकते हैं। वहीं, पुलिस ने जुबीन की पोस्टमॉर्टम और विसरा रिपोर्ट पर चर्चा के लिए सिविल सोसाइटी क मेंबर्स को मंगलवार को शाम 4 बजे बुलाया है।

पुलिस ने कहा– हम पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पब्लिक नहीं करेंगे, इस पर चुनिंदा लोगों से ही बातचीत होगी। हालांकि पुलिस ने उन लोगों के नाम नहीं बताए जिन्हें बुलाया गया है। सिंगर जुबीन की 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान समुद्र में डूबने से मौत हो गई थी। उस वक्त जुबीन नाव में कुल 17 लोगों के साथ सवार थे। इस केस में अब तक 7 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इनमें जुबीन के चचेरे भाई वैंफ संदीपन गर्ग, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, को–सिंगर अमृतप्रभा महंत, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकनु महंत, बैंड के ड्रम मास्टर शेखर ज्योति गोस्वामी शामिल हैं।

## साउत एक्टर विजय की रैली मे भगदड पर सुप्रीम कोर्ट का सीबीआई को जाँच का आदेश ।

**27 सितंबर को करूर मे विजय की रैली मे भगदड से 41 की मौत हुई थी।**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने एक्टर विजय की पार्टी टीवीके और भाजपा नेता उमा आनंदन की मामले की सीबीआई जांच याचिका पर फैसला सुनाया। मद्रास भ्ब् ने मामले की जांच एसआईटी को सौंपी थी।

बेंच ने कहा– सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय कमेटी जांच की निगरानी करेगी। इसमें दो आईपीएस अधिकारी (तमिलनाडु कैडर के हो, लेकिन यहां के मूल निवास नहीं) इसमें शामिल होंगे, जो आईजीपी रैंक से नीचे के नहीं होने चाहिए। बेंच ने 10 अक्टूबर को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से पूछा था कि जब टीवीके को करूर में कम जगह होने के कारण रैली की अनुमति नहीं दी गई तो फिर ज्टछ को 27 सितंबर की रैली को कैसे इजाजत दी गई।

कोर्ट ने यह भी पूछा था कि मद्रास हाईकोर्ट ने एसआईटी जांच का आदेश कैसे दिया, जबकि मामला मदुरै बेंच में था।

दरअसल, 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई थी। 100 से ज्यादा लोग घायल थे।





# डिजीटल संस्करण
# https://sbpatra.in
# पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

# SWATANTRA BODDHIK PATRA


## खबरों के लिए लोगिंन करे !

# https://sbpatra.in/













| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/ | होम पेज पर केटेगिरी मे जाए | ई-पेपर केटेगिरी चुने | समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे ! |

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।

